Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 18-03-2023 अंक 515

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक धराया



**अपेम लाइवः चौपारण**

प्रखंड ताजपुर गांव की एक पीड़ित महिला ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर अपनी पांच वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाई। मामला 17 मार्च को वादिनी रीना देवी की शिकायत पर दर्ज हुई है। आरोपी पंचायत के ही ग्राम पपरो का है। शिकायत पर थाना में कांड संख्या 92/23 धारा 341/376/504 भादवि व पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। स्थानीय थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर ने बताया कि आरोपी तारकेश्वर चन्द्रवंशी पिता स्व लाटो राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया को आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

### अधुरे पीएम आवास को जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देशानुसार शनिवार को बेतला पंचायत सचिव सर्वेश कुमार सिंह और मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह के साथ वार्ड सदस्य ने बेतला पंचायत के सभी पीएम आवास के लाभुको को जल्द से जल्द अधूरे पीएम आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया।कहा कि समयानुसार पूर्ण नहीं करने पर लाभुको से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की रिकवरी की जाएगी।

### पांच दिवसीय मध्यस्थता अभियान संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव डीएलएसए ने बताया कि हर तीन महीने के अंतराल पर पारिवारिक मामलों, तलाक, घरेलू प्रताड़ना आदि से संबंधित मामलों के सुगम तरीके से निष्पादन हेतु मध्यस्थता का विशेष अभियान आयोजित किया जाता है जिससे कि पक्षकारों को सहूलियत हो।इस विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 13 मामलों में मध्यस्थता हेतु विभिन्न न्यायालयों द्वारा भेजा गया जिसमें से 4 मामलों में मध्यस्थता सफल रही जो इस न्यायमण्डल की भौगोलिक बनावट को देखते हुए काफी संतोषप्रद है। इस अवसर पर अधिवक्ता सह प्रशिक्षित मध्यस्थकर्ता पंकज कुमार, संजय कुमार, लाल अरविन्द नाथ शाहदेव , प्रदीप नाथ शाहदेव एवं विशेषज्ञ लाल जन्मेजय नाथ शाहदेव सहित अन्य अधिवक्ता एवं पक्षकार भी मौजुद थे।

# परीक्षा देकर घर लौटा आठवी की छात्र ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

## परिजनों ने लगाया स्कूल प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप, प्रबंधन ने आरोप को बताया बेबुनियाद

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



रेहान अशरफ (फाइल फोटो)

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा पंचायत के शाकरी मोहल्ला निवासी मो रेताज उर्फ छोटी का का पुत्र रेहान अशरफ (14 ) ने शनिवार दोपहर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक बरही चकुराटांड़ में संचालित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा आठवीं का छात्र था। वह स्कूल से आने के बाद अपने घर के छत पर गया और झूला झूलने वाली रस्सी से फांसी लगा लिया। परिजन तत्काल उसे रस्सी से उतारकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले आया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बाबत मृतक के पिता रेताज उर्फ छोटी ने बरही थाना में आवेदन देकर विद्यालय निदेशक अनूप सिंह, शिक्षक शुभाशीष एवम प्रशांत पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। बताया की उनके पुत्र की परीक्षा चल रही थी। उसमे मेरे पुत्र पर परीक्षा के दौरान कथित चीटिंग करने का आरोप लगाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जिसके कारण उनका पुत्र रेहान अशरफ छत के ऊपर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। इधर इस मामले में आरोप को बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत बताते हुए प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया की रेहान अफरोज सही सलामत अपना घर गया है। उसे किसी भी तरह की कोई मानसिक प्रताड़ना नही दी गई है और न ही उनके विद्यालय में किसी को दिया जाता है। यदि बच्चे में किसी तरह की कमी या अनुशासनहीनता पाई जाती है तो बच्चे के अभिभावक को बुलाकर सूचना दे दिया जाता है। ताकि उनमें सुधार हो। रेहान के मामले में उनके पिता को अन्य अभिभावक के जैसा ही उन्हे भी उनकी कमी बताई गई। आत्म हत्या का और भी कोई कारण हो सकता है। इसे विद्यालय से जोड़ना बिल्कुल गलत है। उनके छात्र द्वारा इस तरह आत्म हत्या की घटना से पूरा विद्यालय परिवार मर्माहत है। समाचार लिखे जाने तक शव को अस्पताल में ही रखा गया था। पोस्टमार्टम नही करने दिया गया था। इधर पुलिस स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी जांच कर रही है।

# डोडा तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता,ट्रैलर पर लदा 10 टन डोडा बरामद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : एसपी अंजली अंजन को मिली थी कि रांची की ओर से आ रही एक 22 चक्का ट्रैलर ट्रक में मादक पदार्थो की एक बड़ी खेप चन्दवा की ओर आने वाली है जो वर्तमान में लाधुप स्थित आगरा ढाबा में खड़ी है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर तत्काल एसपी के द्वारा लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र और चंदवा प्रखंड विकास पदा. धिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा अविलंब लाधुप स्थित आगरा ढाबा के समक्ष छापामारी की गई। छापामारी दल को आगरा ढाबा के समीप एक 22 चक्का ट्रैलर जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या आरजे 19 जीएफ – 5121 को खड़ा पाया। ट्रैलर का निरीक्षण करने पर उसमें करीब 10 टन मादक पदा. र्थ (डोडा) लोड पाया गया। पुलिस के अनुसार ये मादक पदार्थ की बड़ी खेप रांची या खूंटी के तरफ से राजस्थान की ओर ले जाया जा रहा था। इस संबंध में चन्दवा थाना कांड सं0 – 67/2023, धारा – 15 (सी)/16/18 (बी) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 (एनडीपीएस एक्ट) दर्ज की गई है। जब्त सामानों की सूची इस प्रकार है1. एक 22 चक्का ट्रैलर 3. ट्रैलर ट्रक से संबंधित कागजात 4. एक एटीएम कार्ड इस छापामारी दल में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, चंदवा बीडीओ विजय कुमार, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, जमील अंसारी, शशिरंजन सिंह और चंदवा सैट – 202 सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# सीओ ने अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर किया जप्त, चालक गिरफ्तार,जेल

## बीडीओ , थाना प्रभारी ने जीटी रोड सियरकोनी में लगाया चेकिंन









**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बालू के बढ़ते तस्करी की लगातार शिकायत के बाद बीडीओ सह सीओ प्रेमचंद सिन्हा, थाना प्रभारी शम्भूनंद ईश्वर पुलिस जवानों के साथ शुक्रवार के देर शाम जीटी सियरकोनी घाटी में बालू तस्करी के विरुद्ध चेकिंन अभियान चलाया। बिहार के बाराचट्टी थाना के महाने नदी भलुआ और आसपास के जंगली नदी, नालों से अवैध तरीके से बालू से समेकित चेकपोस्ट और जंगली रास्ते से बड़े चौपारण पहुंच रही थी। सियरकोनी घाटी में शुक्रवार के देर शाम प्रशासन ने पांच बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़ने में सफल रही। बालू के ट्रैक्टर पकड़ने जाने के बाद तस्करों में हड़कंप मच गया। तस्कर आकाओं का दरवार पहुंचने लगे। अभियान में प्रशासन ने पकड़े गए बालू लदे ट्रैक्टर और चालको के विरुद्ध थाना कांड संख्या 89/23 दर्ज कर ट्रैक्टरों के पांच चालको में लम्बु मांझी पिता हांसु मांझी, वजीर मंडल पिता सरयु मंडल, अर्जुन मांझी पिता लालो मांझी, मंगर मांझी पिता स्व श्यामा मांझी तथा महेश मांझी पिता भुनेश्वर मांझी सभी ग्राम भलुआचट्टी थान बाराचट्टी जिला गया, बिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। बालू लदे पकड़े गए पांचों ट्रैक्टर में नंबर नही था। सभी ट्रैक्टर पर सौ सीएफटी बालू लदा था।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बकाया पैसा के बदले पहले शराब दिया, बाद में लूट का केश कर शराब बरामद करवाया

### शराब तस्कर का अजब कारनामा, पुलिस को भी किया गुमराह, 1000 पेटी शराब बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरामद शराब

शिवपुर गड़लाही के एक मुर्गी फार्म में 1000 पेटी शराब पुलिस ने जब्त किया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख की है। उक्त कार्रवाई रांची की पुलिस ने बरही पुलिस के सहयोग से की। लेकिन इस पूरे प्रकरण में खुद शराब तस्कर अभिनेता भी बना और खलनायक भी। जानकारी के अनुसार शिवपुर गडलाही निवासी पवन रजक का कारोबार चंडीगढ़ के जतिन अरोरा के साथ था। पवन रजक ने बताया की पोकलेन मशीन लेन देन में जतिन अरोरा के पास उनका 45 लाख रुपए का बकाया था। जिसका भुगतान पिछले 7 माह से नही कर रहा था। हर बार टाल मटोल कर रहा था। इसी बीच 14 मार्च को वह रांची आया और मुझसे मिला। मैने जब उनसे बकाया पैसे की बात की तो वह बोला की उनकी अपनी गाड़ी में 25 लाख रुपए का शराब लोड है। यह पूरा माल उनका खुद की पूंजी की है। इसे ले लो। बकाया पैसा और गाड़ी दो माह में देकर वापस ले लेंगे। इस पूरे प्रकरण की वीडियो भी बनी है। माल की बिल्टी और अन्य कागजात भी उसी ने दिया। जिसमे उनके द्वारा सहमति से गाड़ी सहित शराब दी गई। उसके अनुसार ही शराब की खेप शिवपुर गदलाही में उतारा गया। इसी बीच जतिन अरोरा रांची में गाड़ी और शराब की लूट का झूठा केस कर पुनः उसी शराब को पुलिस के सहयोग से वापस ले लिया। पुलिस भी बिना सच्चाई जाने तस्कर की उपस्थिति में ही समान जब्त किया। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज करती रही। इस मामले में पवन रजक की की कार भी जब्त किया गया है। समाचार लिखे जाने तक शराब जब्त करने की प्रक्रिया चल ही रही थी। इस मामले में एसडीपीओ नाजिर अख्तर को पूरी घटना क्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की रांची पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई। बरही पुलिस केवल सहयोग कर रही है। पूरे मामले की जांच की जाएगी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। हर पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव बने जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष

### प्रदेश स्तर पर होगा जिला परिषद को बनाया जायेगा सशक्त : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड प्रदेश के जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के गठन को लेकर जिला उपाध्यक्षों की आवश्यक बैठक झारखंड विधानसभा के सभागार रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार मंडल व संचालन किशुन यादव ने किया। बैठक में विभिन्न जिलों से जिला परिषद उपाध्यक्ष उप. स्थित हुए। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष के हक व अधिकार को लेकर चर्चा व परिचर्चा भी किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ-साथ अपने-अपने जिला परिषद क्षेत्र में विकास संबंधी योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन पूर्ण करने हेतु चर्चा की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश स्तरीय जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ का गठन किया गया। जिसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष हजारीबाग के किशुन यादव को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। वही महामंत्री के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष पलामू के आलोक कुमार सिंह, बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, सचिव के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष दुमका सुधीर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम के पंकज कुमार, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, कोषाध्यक्ष के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष रांची के वीणा चौधरी, संगठन मंत्री के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष गिरिडीह के छोटे लाल यादव व मीडिया प्रभारी के रूप में लोहरदगा जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव को चुना गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के चयन में किशुन यादव के राजनीतिक सलाहकार रितेश गुप्ता का अहम योगदान रहा। मौके पर बरही के युवा नेता रितेश गुप्ता, सोनू यादव, अभय पांडेय शामिल उपस्थित रहें।

## पोखरी कलां सैयदना मदरसा में मुस्लिम समाज के लोगों ने की बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोखरी कलां के मदरसा सैयदना परिसर में सैयदना कमेटी पोखरी कलां के एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें नए सदर एवं सेक्रेटरी एवं खजांची का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अवामी सदर अब्दुल मन्नान अंसारी ,अवामी सेक्रेटरी अताउल रहमान, मदरसा के सदर सलाम अंसारी, सेक्रेटरी राशिद अंसारी एवं खजांची कुतुबुद्दीन अंसारी, मस्जिद का सदर जाकिर अंसारी, सेक्रेटरी फहीम अंसारी एवं खजांची समीउल्लाह अंसारी को बनाया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सदर सलाम अंसारी ने कहा कि मदरसा सैयदना में उर्दू,अरबी अंग्रेजी और हिंदी का पढ़ाई जल्द ही शुरू किया जाएगा ।कहा कि जिसमें आप तमाम हजरात से गुजारिश है की यतीम बच्चे बच्चियां ज्यादा से ज्यादा दाखिला कराएं ।

## हाईवा से कुचलकर पत्नी की मौत, पति घायल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : लातेहार सदर थाना क्षेत्र के जालिम गांव में शनिवार की दोपहर एक हाईवा से कुचलकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जालिम गांव निवासी मंजू देवी (45 वर्ष) अपने पति सुरेश प्रसाद के साथ अपना इलाज कराने के लिए टीवीएस विक्टर बाईक से लातेहार आई थी। इलाज कराने के बाद वह अपने पति के साथ बाइक से घर वापस लौट रही थी। ज्योंही उक्त दोनों जालिम गांव स्थित गायत्री मंदिर के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रहे एक हाईवा (ओआर09क्यू-2857) ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला मंजू देवी का सिर एवं शरीर का पिछला हिस्सा हा. ईवा के पहिया के नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि उसके पति सुरेश प्रसाद को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद आ. सपास के लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल लातेहार पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतका को देखने के लिए सदर अस्पताल में लोगों का जमावड़ा लग गया। इधर, घटना के बाद चालक हाईवा छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार उक्त हाईवा रेलवे लाइन निर्माण कार्य स्थल पर छर्री गिराकर वापस लौट रहा था। इधर, घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया एवं दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देता है सरहुल पूजा : बिनोद विश्वकर्मा

### रानीचुआं में सरहुल पूजा उत्सव का अयोजन, की गई प्रकृति पूजा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सरहुल पूजा उत्सव का उद्घाटन करते बिनोद विश्वकर्मा

बरही प्रखण्ड अन्तर्गत रानीचुआ में सरहुल पूजा समिति की ओर से सरहुल पूजा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरहुल पूजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधानसभा के झामुमो पूर्व प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा ने फीता काट कर एवं पूजा अर्चना कर समारोह का उद्घाटन किया। सरहुल पूजा समिति ने मुख्य अतिथि बिनोद विश्वकर्मा को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर श्री विश्वकर्मा ने मांदर के थाप पर जमकर थिरके। प्रकृति पूजा में शामिल होकर लोगों को प्रकृति के महत्व से अवगत कराया। मुख्य अतिथि बिनोद विश्वकर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल पर्व पर्यावरण को संरक्षित कर वातावरण को दूषित होने से बचाता है । यह त्योहार पेड़ पौधा का रक्षा के लिए संकल्प लेने का त्यौहार है। यह प्रकृति से जुड़ा हुआ त्यौहार है। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को सरहुल पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। मौके पर सरहुल पूजा समिति के संयोजक गाजो टूडु, राजाराम बेसरा अध्यक्ष, रघु टूडू सचिव , राजीव बेसरा कोषाध्यक्ष, दिलीप मरांडी ,गोविन्द भगत, पूर्व मुखिया रीता मुर्मू, संजय टुडु,बीरबल बेसरा,रामेश हाँसदा, लाल जी बास्के ,रामजी सोरेन, राजाराम बेसरा, महादेव टूडु,रघु टुडु, विनोद टुडु, रामचन्द्र टुडु, सीतामुनी देवी ,सीता देवी ,जसो देवी, चिरमुन्नी देवी, सुनीता देवी, ललीता देवी, अनिता देवी ,बसन्ती देवी ,लालबाबू टुडु,पंकज बासके,मतु किस्कु, सोहन बसके समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पोखरी कलां पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं का किया गया चयन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोखरी कलां पंचायत सचिवालय सभागार में मुखिया नीतू देवी के अध्यक्षता में पंचायत कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई बैठक में पंचायत सचिव जयराम राम ,उप मुखिया सुल्तान अहमद, सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे इस दौरान पंचायत में शौचालय निर्माण, सोखता, नाली निर्माण,जल मिनार मरम्मती, चंपाकल मरम्मती,डीप बोरिंग समेत कई योजनाओं का चाय किया गया।

## 77 ग्राम संगठन में बीमा जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के द्वारा महुआडांड़ प्रखंड के कुल – 77 ग्राम संगठनों में बीमा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।वही अंमवाटोली पंचायत सचिवालय में झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक अनुराग अग्रवाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया बीमा सभी सखी मंडलो के सदस्यों तथा उनके परिवार को जरूरी हैं जिससे की सरकार के द्वारा दिए योजना का लाभ परिवारों को मिल सकें। साथ ही बीपीएम तेजू सिंह व बीपीओ सुजीत कुमार द्वारा कार्यक्रम में बीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के संमापन उपरांत एक लाभुक कैफ को बीमा की दो लाख रुपया की राशि चेक द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके सीसी संजय यादव, बैंक सखी और सखी मंडल के सदस्य उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## रामनवमी में डीजे बजने पर रहेगी पाबंदी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



चलकुशा थाना परिसर में राम नवमी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ शशिकांत सिंकर की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने किया बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी जीप सदस्य सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी शामिल हुए। थाना प्रभारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की गाइ. डलाइन को देखते हुए डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी।जिन अखाड़ों के द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाएगा। उन डीजे संचालक का डीजे वाहन जप्त कर एवं अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर चल रहे अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा गया। अधिकारियों ने बिजली विभाग से बात कर क्षेत्र में झूल रहे 11हजार तार को दुरुस्त करने को कहा। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों ने सड़क पर निकासी हो रहे नाली का पानी को बंद कराने का आग्रह किया है। जिससे लोग स्वच्छ वातावरण में आ जा कर पूजा अर्चना कर सके। मौके पर मुखिया आलोक सिंह, कुमार अंशु ,अंजना देवी मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह, सीताराम पंडित, रामदेव यादव पंसस अब्दुल हलीम, उमेश ठाकुर, लखन साव, भुनेश्वर दास, तस्लीम रजा, भुनेश्वर स्वर्णकार, वासुदेव साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हवन भंडारे के बाद यज्ञ सम्पन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर उतराइनी नदी के तट पर नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर कटहर टोला में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा श्री राम मानस महायज्ञ भव्य हवन पूजन व भंडारे महाप्रसाद वितरण के बाद सम्पन्न हो गया ज्ञात हो मंदिर निर्माण कर्ता गोरहर निवासी लीलावती देवी पति छात्रधारी महतो व स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास से प्रत्येक दिन संध्या के समय श्री भागवत कथा 108 कथा वाचक पंडित छोटे सरकार बाबा एवं सहयोगी राजेश राजेश पंडित, महेश पंडित, नीतीश पंडित, नंद किशोर पंडित, रजनीकांत पंडित एवं देवी ज्योतिष शास्त्री के माध्यम से कथा वाचक शिव महापुराण एवं महा भागवत कथा का वाचक किया गया। विदित तो हो कर 9 दिनों का यज्ञ में 300 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली तथा उत्तरवा. हिनी नदी से जल भरकर कलश को यज्ञ स्थल में स्थापित किया। वही 18 मार्च को प्रति भोजन का आयोजन एवं हवन कर यज्ञ का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए केंद्रीय सदस्य अध्यक्ष बासुदेव प्रसाद, मंच संचालन सरजू महतो, पंसस लखन महतो, अशोक महतो, पूर्व उपप्रमुख मंजू देवी, अशोक महतो, गिरधारी महतो, राकेश महतो,सूरज महतो, छात्रधारी महतो, सूरज महतो, जगदीश महतो, महतो, शिवनाथ महतो, सोहन महतो, महतो, रा. जेंद्र महतो, बैजनाथ महतो, कृष्ण कुमार, राकेश कुमार,गेंदो महतो, प्रदीप महतो सरजू महतो, लाली कुमारी, दीपू कुमारी, सुनेना कुमारी, मोनिका कुमारी समेत स्थानीय ग्रामीणों का यज्ञ सम्पन्न कराने में अथक प्रयास व योगदान रहा ।

## सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में तीसरी बार बना सीबीएसई बोर्ड का सेंटर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित प्रखण्ड के सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में गत पन्द्रह दिन से सीबीएसई की परीक्षा शान्तिपूर्वक संच. ालित हो रही है। प्राचार्या रीना पाण्डेय ने बताया कि सीबीएसई की तीसरी बार सेन्टर इस विद्यालय को बनाया गया है। यहाँ इस वर्ष से जैक बोर्ड को भी सेन्टर बनाया गया ।विद्यालय प्रबन्धन , सभी शिक्षक, सभी नन टीचिंग कर्मी इस कार्य भर को ईमानदारी पूर्वक सम्भाल रहे हैं। सीबीएसई के 400 विद्यार्थी एवं जैक बोर्ड के 540 छात्र - छात्राओं का केन्द्र सुरेखा स्कूल को बनाया गया। प्रचार्या रीना पांडेय ने बताया कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले ही सारी तैयारी कर ली गई थी। और यह क्रम प्रत्येक दिन 24 फरवरी से 31 मार्च तक एवं जैक का 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। कदाचार मुक्त एवं अनुशासित परीक्षा केन्द्र को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ काफी मेहनत की है। प्रचार्या सभी शिक्षको, छात्रों को, मिडिया प्रबन्धन, पुलिसकर्मी डाककर्मी एवं बैंक के कर्मचारी को बहुत आशीर्वाद एवं उनका हार्दिक अभिनंदन किया है। उनके सफल योगदान से यह कार्य सम्पन्न हो रहा है। प्रबन्धन गिरीजा सतीश, गन्धर्व-गौरव एवं सतीश गिरीजा ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को आशिर्वाद दिया एवं ढेर सारी बधाई दी।

## नगर पंचायत का अभियान, अग्रवाल स्टोर पर लगा जुर्माना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : आज अनुमण्डल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित किये गये विजिलेंस टीम द्वारा आज मेन रोड थाना चौक, धर्मपुर एवं डुरूआ में होल्डिंग टैक्स, सिंगल यूज प्लास्टिक के पतिबंध पर जांच एवं राजस्व की वसूली की गई। जिसमें होल्डिंग टैक्स मद में कुल एक लाख बयालीस हजार तीन सौ अठहत्तर एवं ट्रेड ला. इसेंस के मद में पांच हजार एक सौ साठ एवं वाटर सप्लाई मद में नौ हजार 80 रूपये की राजस्व की वसूली की गई एवं सिंगल युज प्लास्टिक के उपयोग में पकड़े गये अग्रवाल स्टोर मेन रोड लातेहार से एक हजार का जुर्माना की राशि वसूली की गई। साथ ही जाँच के क्रम में व्यवासयिक प्रतिष्ठानों से ट्रेड लाईसेंस नहीं बनाने के कारण एक हजार आठ सौ जुर्माना वसूली की गई। ज्ञातव्य हो कि शहरी क्षेत्र के किसी भी होल्डिंग टैक्स धारक जिनके द्वारा अबतक अपने प्रतिष्ठान/भूमि का होल्डिंग का निर्धारण एवं होल्डिंग टैक्स मद में बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 181 एवं 184 के तहत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उनके एकल या संयुक्त बैंक खाते को फ्रिज करना, बकायेदार की चल एवं अचल सम्पति की कुर्की एवं बिकी करना, सर्टिफिकेट केस करना एवं संबंधित के विरुद्ध बाडी वारंट निर्गत करने का प्रावधान है।

UDISE CODE - 20040105606 Arise Awake & Achieve

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualifcation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विहिप ने लगातार दूसरे दिन की शमशान घाट की सफाई, किया गया पौधा रोपण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विश्व हिंदू परिषद के अनुषंगी इकाई बजरंग दल सेवा सप्ताह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साप्ताहिक सेवा कार्य के तहत लगातार दूसरे दिन भी संयुक्त रूप से शमशान घाट की सफाई की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवाजी प्रभात शाखा बरही, स्वामी विवेकानंद शाखा रसोइया धमना एवं विश्व हिन्दू परिषद बरही के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। प्रातः काल से ही कार्यकर्ता सफाई उपकरण के साथ शमशान घाट पर उपस्थित होने लगे और तन मन से सफाई कार्य में लग गए। इस कार्य क्रम का नेतृत्व विहिप प्रखंड अध्यक्ष. नंदकिशोर कुमार एवं आरएसएस के क्षेत्रीय प्रमुख त्रिवेणी साहू ने किया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए विहिप के जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने कहा कि सफाई स्वस्थ जीवन का आधार है , ऐसी स्थिति में शमशान घाट जो कि सनातन परिवारों की मुक्ति का अंतिम पड़ाव स्थल है।किसी व्यक्ति की अंतिम विदाई में सैकड़ों की संख्या में लोग घाट पर आते हैं और गंदगी के कारण उन्हें बैठने उठने में काफी परेशानी होती है। हमसबों ने निर्णय लिया कि इस परिसर को साफ सूथरा रखा जाय और हमलोगों ने अभियान में इसे शामिल कर आज साफ सफाई का कार्य किया।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति यहाँ क्रियाक्रम करने आते हैं। वे यत्र तत्र वस्त्र आदि सामान नहीं फेंके और नाई बंधु भी बाल की उतराई करने के बाद बाल को परिसर के बाहर फेंक दें । सफाई के बाद बरगद का पेड़ भी लगाया गया। इस कार्यक्रम में विहिप जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साव, प्रदीप चंद्रवंशी, कैलाश ठाकुर, गोबिंद कुमार, जयंत कुमार, मिथलेश कुमार, निरंजन केशरी, सुमंत कुमार, अरविंद कुमार, नितेश कुमार, इंद्रदेव कुमार एवं लोकेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद का एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर कल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विश्व हिंदू परिषद इकाई बरही की पंचायत स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज होटल आकाश पैलेस में संपन्न होगा । उक्त जानकारी देते हुए प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर एवं जिला मंत्री अरविंद मेहता जी होंगे । इस हेतु विश्व हिंदू परिषद बरही की प्रखंड कार्यकारिणी एवं प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले जिले के सभी पदाधिकारी तन – मन –धन से प्रशिक्षण कार्यक्रम की संपन्नता के लिए कार्य कर रहे हैं । इस कार्यक्रम में पूरे प्रखंड के 20 पंचायत से बजरंग दल संयोजक, पंचायत अध्यक्ष एवं मंत्री सहित सक्रिय कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है ।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को जागरूक करने और विश्व हिंदू परिषद का कार्य बढ़ाने का एक माध्यम है और इसी माध्यम के द्वारा हमारे कार्यकर्ता अपने अपने सामा. जिक क्षेत्र में हमेशा नया इतिहास लिखने के लिए तत्पर रहते हैं।

## भाजपा द्वारा गारू में बूथ सशक्तिकरण अभियान शुरू

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**



गारू /लातेहाररूगा : प्रखंड क्षेत्र में बूथ सशक्तिकरण अभियान मण्डल प्रभारी छोटू राजा के दिशानिर्देश पर शुरू किया गया। पहले दिन के कार्यक्रम में बारेसांढ़ तथा मायापुर पंचायत संयोजक निरंजन प्रसाद को बनाया गया। वहीं बलराम यादव को बारेसांढ़ तथा विकाश कुमार को मायापुर बूथ प्रभारी नियुक्त किया गया। दूसरे दिन करवाई पंचायत अंतर्गत दो बूथ करवाई 222 एवं कुई 220 पर बूथ निर्माण को लेकर बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित गारू प्रखंड के प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताना बूथ प्रभारी का कार्य है। सर्वसम्मति से करवाई में शंकर दयाल सिंह तथा कुई में रमेश सिंह को बूथ अध्यक्ष बनाया गया तथा पन्ना प्रमुखों की संगठन ऐप पर एंट्री किया गया। मौके पर छोटू राजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दूधेश्वर सिंह, महामंत्री संतोष यादव, अनूप कश्यप, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगल उरांव, सुनेश्वर सिंह मुखिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कर्म शाला का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा , द्वारा शनिवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहाड़पुरी के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष – 2023 अन्तर्गत ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया जा रहा था जिसका अ०नलाइन प्रसारण जिला स्तरीय कर्यशाला में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी ने किया । कार्यक्रम में ज्वार बाजरा गोंदली मड़ुआ जैसे फसलों का वैज्ञानिक तरीके से खेती कर उत्पादन को कैसे बढ़ायें की जानकारी दी गई ।बताया गया कि इन फसलों में पोषक तत्व होते हैं स्वास्थ्य की दृष्टि से इसका दैनिक जीवन में उपयोग करना महत्वपूर्ण है साथ ही साथ विश्व में इनकी पहचान को कैसे बनाया जाये की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आत्मा के परियोजना निदेशक एसके झा एवं सभी प्रखण्डों तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक समेत आरसीटी के पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## रामनवमी में लगे प्रतिबंध को हटाए झारखंड सरकार

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**



पदमा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष राजेश महतो ने झारखंड सरकार से मांग किया है की रामनवमी जुलूस में लगे प्रतिबंध को जल्द से जल्द हटाए जाए और साथ ही बरही अनुमंडल में जो धारा 144 लगाया गया है उसे भी हटाने का मांग किया। यह हिंदुओं का आस्था का त्यौहार है डीजे तो रामनवमी जुलूस में बजना ही चाहिए। साथ ही साथ बजरंग दल के सभी सदस्य लगे प्रतिबंध को सरकार से हटाने की मांग की पूरे हजारीबाग जिले में आंदोलन होगा। हजारीबाग का रामनवमी जुलूस पूरे भारत में विख्यात है, इसमें प्रतिबंध लगाने कोई बातें नहीं है।




